# फिनटेक सिटी का खाका तैयार सितंबर में लॉन्च होगी योजना

ग्रेटर नोएडा। वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को एक जगह स्थापित करने के लिए तैयार यमुना प्राधिकरण (यीडा) की फिनेटक सिटी योजना का खाका तैयार कर लिया गया है। योजना के तहत यीडा सितंबर में भूखंड योजना लॉन्च करेगी।

सेक्टर-11 में बसने वाली इस सिटी में वित्तीय कारोबार से जुड़ी टॉप 500 फॉर्च्यून कंपनी एवं संस्थाओं को आमंत्रित किया जाएगा। गुजरात की गिफ्ट सिटी की तर्ज पर विकसित होने वाली फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च,

**वित्तीय कारोबार से जुड़ी टॉप 500 फॉर्च्यून कंपनियों व संस्थाओं को आमंत्रित करेगा यीडा**

क्राउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज एवं बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

इसके लिए सिंगापुर, दुबई और गुजरात की गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है। ब्यूरो